# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) जलम् जीवनम्

जल सारथी

फोन नं0-05882-297788

Email - jalnigam_plb@yahoo.in


पत्रांकः 2454 / पेपर कटिंग / 26 दिनांकः 13/07/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय : **दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 11.07.2026 में शीर्षक ''दावों का अमृत, हकीकत में बदहाली का विष– जल जीवन मिशन योजना के तहत पहुंचाना था पानी, बरसात में सड़कों की मरम्मत न होने से बढ़ रही परेशानी'' से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 11.07.2026 में शीर्षक ''दावों का अमृत, हकीकत में बदहाली का विष– जल जीवन मिशन योजना के तहत पहुंचाना था पानी, बरसात में सड़कों की मरम्मत न होने से बढ़ रही परेशानी'' से प्रकाशित खबर में विभिन्न विकास खण्डों की 03 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का उल्लेख किया गया है, जिसके क्रम में योजनावार वर्तमान स्थिति निम्नवत् है :-

- **गजरौला कलां मु0, विकास खण्ड– मरौरी :-**

विकास खण्ड– मरौरी की गजरौला कलां मु0 पाइप पेयजल योजना का निर्माण ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत फर्म– मै० विश्वराज इनवायरमेन्ट लि०, नागपुर द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत वर्तमान तक शिरोपरि जलाशय(450किली0 / 18मी0), ट्यूबवैल, बाउन्ड्रीवॉल, पम्प हाउस व सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्राम में 17.11 कि0मी0 प्रस्तावित पाइप लाईन के सापेक्ष 15.7 कि0मी0 बिछायी गयी है, 1318 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 856 नग गृह संयोजन का कार्य पूर्ण है तथा पाइप लाईन बिछाने हेतु तोड़ी / काटी गयी 6.92 कि0मी0 सड़क के सापेक्ष 6.41 कि0मी0 सड़क का पुर्नस्थापना कार्य कराया गया है। शेष 510 मी0 सड़क पुर्नस्थापना कार्य मस्जिद जाने वाले मुख्य मार्ग पर मुहर्रम पर्व के दृष्टिगत ग्रामवासियों द्वारा सड़क पुनर्स्थापना का कार्य पर्व के उपरान्त कराए जाने का अनुरोध किया गया था, जिसके क्रम में स्थानीय ग्रामवासियों की भावनाओं का सम्मान रखते हुए सड़क पुनर्स्थापना का कार्य अस्थायी रूप से स्थगित रखा गया। फर्म– मै0 विश्वराज के परियोजना प्रबन्धक द्वारा शेष 510 मी0 सड़क पुर्नस्थापना कार्य को माह सितम्बर, 2026 तक पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया है।

साथ ही फर्म– मै0 विश्वराज के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त पेयजल योजना के समस्त शेष कार्यो को माह मार्च, 2027 तक पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत जनोपयोगी बना दिया जाएगा।

- **पतरासा कुंवरपुर, विकास खण्ड– बरखेड़ा**

विकास खण्ड– बरखेड़ा की पतरासा कुंवरपुर पाइप पेयजल योजना का निर्माण ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–2) के अन्तर्गत फर्म– मै० पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत वर्तमान तक ट्यूबवैल, बाउन्ड्रीवॉल, पम्प हाउस, पाइप लाईन व सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शिरोपरि जलाशय(100किली0 / 12मी0) का कार्य प्रगति पर है एवं 297 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 10 नग गृह संयोजन का कार्य पूर्ण है। उक्त ग्राम पंचायत में पाइपलाइन बिछाने का कार्य एच०डी०डी० तकनीक के माध्यम से कराया गया है। उक्त स्थल पर 100 मी0 पाइप लाईन बिछाने का कार्य कच्चे में कराया गया था, जोकि वर्षा होने के कारण settled हो गया है। फर्म– मै0 पी0एन0सी0 के परियोजना प्रबन्धक द्वारा उक्त शेष कार्य को 01 सप्ताह में पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया है।

साथ ही फर्म– मै0 विश्वराज के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त पेयजल योजना के समस्त शेष कार्यो को माह मार्च, 2027 तक पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत जनोपयोगी बना दिया जाएगा।

- **चुर्रासकतपुर, विकास खण्ड– बीसलपुर**

विकास खण्ड– बीसलपुर की चुर्रासकतपुर पाइप पेयजल योजना का निर्माण "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत फर्म– मै० विश्वराज इनवायरमेन्ट लि0, नागपुर द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत वर्तमान तक शिरोपरि जलाशय(350किली0 / 14मी0), ट्यूबवैल, बाउन्ड्रीवॉल, पम्प हाउस व सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा ग्राम में 13.89 कि0मी0 प्रस्तावित पाइप लाईन के सापेक्ष 13.26 कि0मी0 बिछायी गयी है, 990 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 520 नग गृह संयोजन का कार्य पूर्ण है तथा पाइप लाईन बिछाने हेतु तोड़ी / काटी गयी 7.60 कि0मी0 सड़क के सापेक्ष 6.48 कि0मी0 सड़क का पुर्नस्थापना कार्य कराया गया है। फर्म– मै0 विश्वराज के परियोजना प्रबन्धक द्वारा शेष 1.12 कि0मी0 सड़क पुर्नस्थापना कार्य को माह अक्टूबर, 2026 तक पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया है।

साथ ही फर्म– मै0 विश्वराज के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त पेयजल योजना के समस्त शेष कार्यो को माह दिसम्बर, 2027 तक पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत जनोपयोगी बना दिया जाएगा।

भवदीय

(आशीष कुमार भारती)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0एवं दिनांकःउपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि** :–

1. मुख्य अभियन्ता(मु0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी महोदय, पीलीभीत की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बरेली।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, पीलीभीत को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर को अवशेष कार्य सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के माध्यम से तत्काल पूर्ण कराने हेतु।
6. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0 / मै0 विश्वराज को उपरोक्त अवशेष कार्य तत्काल पूर्ण करने हेतु।

**अधिशासी अभियन्ता**